**DAYANAND ANGLO VEDIC PUBLIC SCHOOL, AIROLI**
**II PERIODIC SAMPLE PAPER (2024-25)**
**SUBJECT- HINDI**

**STD .- VI** | **MAX. MARKS -50 +4**
**DATE** | **DURATION – 2 HRS**

---

सामान्य निर्देश ः-

- इस प्रश्न पत्र को खण्ड 'अ' तथा खण्ड 'ब' इन दो खंडों में बाँटा गया है ।
- सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए ।
- उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न -पत्र में दी गई है ।
- बोनस रीडिंग के प्रश्नों के उत्तर भी उत्तर पुस्तिका में ही लिखिए ।

---

खण्ड 'अ' ( अपठित गद्यांश 5 अंक)

प्रश्न 1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में लिखिए - **5**

जब हामिद मेले से घर पहुँचता है तो अमीना उसे गोद में उठा कर उसे प्यार करती है किंतु जैसे ही उसके हाथ में लोहे का चिमटा देखती है तो गुस्सा होते हुए हामिद को डाँटने लगती है । वह कहती है , " यह चिमटा कहाँ था।" हामिद ने जवाब दिया , "मैंने खरीदा है।" " के पैसे में ?" हामिद ने जवाब दिया , "तीन पैसे में ।" अमीना उस पर नाराज़ हो गई और बड़बड़ाने लगी , "कैसा नासमझ लड़का है ? दोपहर हो गई , मेले में ना खाया , न पीया , लाया क्या ? यह चिमटा !" हामिद ने अपराध भाव से कहा , " रोटियाँ बनाते हुए तुम्हारी ऊँगलियाँ जल जाती थी इसलिए मैं इसे तुम्हारे लिए खरीद कर लाया हूँ ।" यह सुनकर बूढ़ी दादी का क्रोध स्नेह में बदल गया और दामन फैलाकर वह हामिद के लिए दुआएँ करनी लगी ।

प्रश्न 1) अमीना हामिद पर क्यों नाराज़ हुई ?
2) हामिद चिमटा क्यों लाया था ?
3) हामिद ने चिमटा कितने में खरीदा था ?
4) बूढ़ी दादी दामन फैलाकर क्या करने लगी ?
5) नीचे दिए गए अभिकथन एवम् कारण पढ़िए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए -

अभिकथन (A) - दादी हामिद पर नाराज़ हुई ।
कारण (R) - हामिद तीन पैसे में चिमटा खरीद कर लाया था।

क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं ।
ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है ।
ग) कथन (A) सही है तथा कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है ।
घ) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं करता है।

(व्याकरण 13 अंक)

प्रश्न 2) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए -
क) नीचे दिए गए शब्दों पर उचित स्थान पर अनुस्वार ( ं ) अथवा अनुनासिक ( ँ ) का उचित प्रयोग कीजिए - **1**
1) पाव 2) गणतत्र

ख) नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - **1**

1) मानव 2) निर्धन

ग) नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए - **1**

1) माँ 2) रात

घ) नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए - **1**

1) माली 2) विद्वान

ङ) नीचे दिए गए संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए - **1**

1) लाल किला 2) बचपन

**प्रश्न 3) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए -**

क) नीचे दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए - **1**

1) पंद्रह दिनों में होने वाला

ख) नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कर उसके भेद लिखिए - **1**

1) राम कहाँ गया है ?

2) वे चले गए।

ग) नीचे दिए गए वाक्य में रेखांकित विशेषण शब्द का भेद लिखिए - **1**

1) <u>पाँच</u> बच्चों ने गाना गाया।

घ) नीचे दिए गए शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग कर शब्द दोबारा लिखिए - **1**

1) डामा 2) विद्याथी

ङ) नीचे दिए गए वाक्य में उचित स्थान पर विराम चिह्न का प्रयोग कर वाक्य दोबारा लिखिए - **1**

1) वाह खीर तो बहुत बनी है

**प्रश्न 4) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार लिखिए -**

क) नीचे दिए गए शब्द के दो अर्थ लिखिए - **1**

1) सोना

ख) नीचे दिए गए वाक्य को उचित मुहावरे दवारा पूरा कीजिए - **1**

1) अपना परीक्षा परिणाम देखकर रोहिणी ......................................

ग) 'प्रविशेषण' अथवा 'संज्ञा' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए - **1**

## (पाठ्य पुस्तक 18 अंक)

**प्रश्न 5) नीचे दिए गए पठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में लिखिए -** **5**

महिपाल सिंह अपनी बात खत्म करने के बाद उठे । उन्होंने चार -पाँच साल तक अभ्यास के रूप में लिखी हुई अपनी रचनाएँ अलमारी से निकालकर मेरे सामने रख दी । मैं उनकी रचनाओं को देखने लगा - टेढ़े -मेढ़े अक्षर दूर -दूर अक्षर , अलग -अलग अक्षर , फिर सुधरे हुए अक्षर और फिर गोल -गोल अक्षर । मैं मुग्ध होकर बोल उठा , "ठाकुर साहब , आप धन्य हैं। मैंने बचपन में पढ़ा था -रसरी आवत जात तै , सिल पर परत निसान । मगर आज अपनी आँखों से प्रत्यक्ष रूप से देख भी लिया।"

प्रश्न 1) महिपाल सिंह ने अपनी अलमारी से क्या निकालकर अखिलेश शर्मा को दिखाया ?

2) ऊपर दिए गए गदयांश को पढ़कर हमें क्या सीख मिलती है ?

3) "ठाकुर साहब , आप धन्य हैं।" यह कथन किसने , किससे कहा ?

4) अखिलेश शर्मा ने बचपन में कौन -सा दोहा पढ़ा था ?

5) ऊपर दिए गए गदयांश के पाठ का नाम तथा लेखक का नाम लिखिए ।

**प्रश्न 6) नीचे दिए गए पठित पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्यों में लिखिए-** **5**

रहिमन वे नर मर चुके, जे कहुँ माँगन जाँहि।
उनते पहले वे मुए , जिन मुख निकसत नाँहि ।।1।।
दोनों रहिमन एक से , जो लौं बोलत नाँहि।
जान परत हैं काक पिक , रितु बसंत के माँहि ।।2।।

प्रश्न 1) वसंत ऋतु में किसकी पहचान होती है ?

2) जो व्यक्ति हमेशा दूसरों से माँगता है वह किसके समान होता है ?

3) दूसरे दोहे से क्या संदेश मिलता है ?

4) 'मुख' तथा 'पिक' शब्द के अर्थ लिखिए ।

5) ऊपर दिए गए दोहों के कवि का नाम लिखिए ।

**प्रश्न 6) नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखिए -** **2**

1) मिज़ाज 2) प्रण 3) उत्तीर्ण 4) दक्ष

## खण्ड 'ब' ( रचना कौशल 14 अंक)

**प्रश्न 7) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए -( कोई तीन)** **6**

1) सुंदर लाल की आत्मग्लानि का क्या कारण था ?

2) राजा ने अपनी जान बचाने वाले नौजवानों का धन्यवाद कैसे किया ?

3) कवि 'साथी हाथ बढ़ाना' कविता के द्वारा क्या संदेश देना चाहते हैं ?

4) 'पुरस्कार' पाठ के आधार पर सत्यपाल के विषय में लिखिए ।

**प्रश्न 8) नीचे दिए गए विषयों पर पत्र लिखिए - ( कोई एक)** **5**

1) विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी कहानियों की पुस्तकों को शामिल करवाने हेतु विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए।

2) विद्यालय में कॅटींन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु विद्यालय की प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए ।

**प्रश्न 9) नीचे दिए गए विषयों पर पर अनुच्छेद लिखिए - ( कोई एक)** **5**

1) सत्संगति का महत्व

संकेत बिंदु - प्रस्तावना , सत्संगति का अर्थ , सत्संगति के लाभ , उपसंहार

2) सेहत का मूलमंत्र -पौष्टिक भोजन

संकेत बिंदु ः प्रस्तावना , पौष्टिक भोजन का महत्व , जंक फूड का स्वास्थ्य पर परिणाम , उपसंहार

**प्रश्न 10) नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर आकर्षक विज्ञापन बनाइए । ( कोई एक)** **4**

1) स्कूल का बस्ता

2) नहाने का साबुन

## <u>Bonus Reading</u>

**प्रश्न 1 ) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -** **4**

1) आप ने जो तीनों कहानियों पढ़ी हैं उनमें से कौन -सी कहानी आपको अच्छी लगी ? उसका नाम लिखिए ।

2) गधा और सियार खेतों में जाकर क्या खाते थे ?

3) कौए उल्लओं पर हमला क्यों नहीं कर पाते थे ?

4) एक दिन रात को गधे को गाने का मन क्यों किया ?

..........................................................................................................................................